## Headline

1. PM Modi: भारत लौटने के बाद पीएम मोदी ने नई संसद के उद्घाटन का बहिष्कार करने वालों पर साधा निशाना
2. Politics: पायलट को कांग्रेस में रोकने की आखिरी कोशिश करेगा पार्टी हाईकमान, जिद्द पर अड़े रहे तो निकाले जाएंगे

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 315 | इंदौर, गुरुवार 25 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# कार वाले चोर : चार पहिया वाहनों में आकर दे रहे वारदातों को अंजाम

### आरोपियों के पकड़ाने के बाद खुलासा, चार पहिया वाहन से करते हैं रेकी

@ DGR विशेष

इंदौर। कल ही लसूडिया पुलिस के साथ मिलकर क्राइम ब्रांच की टीम ने डकैती की योजना बनाते हुए बदमाशों को पकड़ा। आरोपी एक कार में बैठकर वारदात की प्लानिंग कर रहे थे। इनसे हुई पूछताछ में पता चला कि पूर्व में की गई चोरियों का माल बेचकर इन्होंने कार खरीद ली थी। इसी कार में बैठकर ये सूने मकानों की रेकी करते और वारदात करते थे। इसके पहले भी कार और अन्य चार पहिया वाहन में आकर चोरी की वारदात के मामले सामने आ चुके हैं। इन दिनों देखने में आ रहा है कि कई वारदातों में चोर कार या लोडिंग वाहन लेकर चोरी करने पहुंचे और लाखों का माल चुराकर ले गए। इन वारदातों में सीसीटीवी फुटेज मिले लेकिन उसके बाद भी लंबे समय तक चोरों का सुराग नहीं मिला। हालांकि यह राहत वाली बात है कि पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए देर से ही सही, लेकिन आरोपियों को गिरफ्त में लेकर सलाखों के पीछे धकेल ही दिया। इनमें से अधिकांश वारदातों का खुलासा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से हुआ है।

## पुलिस शक नहीं कर पाती

दरअसल कार में आकर वारदात करने वाले चोर अक्सर पुलिस की नजर से बच जाते हैं क्योंकि पुलिस कार में आने वाले चोरों पर अक्सर शक नहीं कर पाती। अब पुलिस के सामने ये चुनौती खड़ी हो गई है कि वे कार में चोरी करने आए बदमाशों की पहचान कैसे करेगी।

## आसानी से हो जाते हैं फरार

कार या अन्य चार पहिया वाहन में सवार होकर चोरी करने वाले बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद आसानी से फरार हो जाते हैं। दरअसल चेकिंग के दौरान भी देखने में आता है कि पुलिस दो पहिया वाहन बाइक, स्कूटर वालों को तो रोकती है,लेकिन बहुत ही कम ऐसा होता है कि चार पहिया वाहन खासकर कार को रोककर तलाशी या चेकिंग की जा रही है। कुछ खास मौकों पर ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कारों की चेकिंग होती है। पुलिस चेकिंग में ढिलाई का लाभ लेकर ये चोर आसानी से फरार हो जाते हैं।



## ● बाहरी गैंग करती थी वारदात

कुछ वर्षों पहले धार-झाबुआ से आने वाले चोर गैंग इस तरह की वारदातों को अंजाम देते थे। वे कहीं चोरी या लूट की वारदात करते थे तो पीड़ित के हाथ पैर बांधकर या डरा धमका कर उनकी कार या चार पहिया वाहन चुराकर ले जाते थे। इस तरह की वारदातों में से कुछ में तो हत्या जैसे अपराध भी हुए हैं। लेकिन अब तो चोर खुद की कार लाने लगे हैं।

## ● इसलिए नहीं मिलता सुराग

कार में चोरी करने घूमने वाले बदमाश इतने शातिर होते हैं कि पुलिस उनका आसानी से सुराग तक नहीं लगा पाती है। दरअसल कार में आए चोर यदि गलत नंबर प्लेट लगाकर वारदात करें तो उनकी पहचान बेहद मुश्किल हो जाती है। वैसे भी शहर में चोरी गई कारों की इनवेस्टीगेशन के दौरान कुछ आरोपी ऐसे भी पकड़े जा चुके हैं जो पलक झपकते ही कार का हुलिया बदल देते हैं। इस तरह के कुछ कार मैकेनिक गैरेज में कार ले जाकर उसका रंग बदल देते हैं और गलत नंबर प्लेट लगा देते हैं। अब कार मे आए चोरों की कार का रंग और माडल पता चलने के बाद भी उसका हुलिया बदल जाता है तो पुलिस उन तक आसानी से नहीं पहुंच सकती।

## आरोपियों को पकड़ने में दिक्कत

कुछ वारदातों में देखा गया है कि शहर के बाहर से आकर बदमाशों ने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। कार में आकर चोरी करने वाले यदि वारदात के बाद फरार हो जाते हैं तो उन्हें पकड? में पुलिस को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुलिस के पास अभी तक ऐसी कोई ठोस प्लानिंग नहीं है कि वे बाहरी अपराधियों की तत्काल पहचान कर लें।

## लूट में बाइक, चोरी में कार

शहर में चोरी और मोबाइल, चेन, पर्स लूट की कई वारदातों में बाइक वाले बदमाश पकड़े जा चुके हैं। असंख्य वारदातें ऐसी हैं जिनमें आरोपी बाइक पर सवार होकर आए और लूट-चोरी कर फरार हो गए। इस तरह की कई वारदातों में पुलिस बाइक के आधार पर चोर-लुटेरो तक पहुंची और उन्हें सलाखों के पीछे किया। बाइक के बाद अब कार में आए चोर सिरदर्द बन गए हैं।

## कुछ वारदातों पर एक नजर

शहर में हाल ही में कई चोरी की वारदातें हुई हैं जिनमें लाखों रुपए का माल चोरी गया। पुलिस ने जब घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला कि चोर कार में आए और वारदात के बाद गायब हो गए।

## दो घरों में एक साथ वारदात

सुरेश देशपांडे निवासी सर्वसंपन्न नगर एग्रीकल्चर विभाग से रिटायर्ड हुए हैं। उनके घर के ऊपरी हिस्से में बेटे और बहू रहते हैं। गत दिनों यहां एक कार से आए चोरों ने धावा बोला। दो बदमाश दीवार फांदकर बेडरुम में रखी अलमारियों के लाक तोड़कर जेवर और नकदी ले उड़े । यहां से चोर करीब 12 लाख का माल चुराकर ले गए। इसके बाद कार में सवार यही चोर मानवता नगर पहुंचे। यहां उन्होंने नितिन गीते के घर को निशाना बनाया। गीते सपरिवार भोपाल गए हुए थे। यहां भी चोर इसी कार से आए थे। यहां से भी चोर लाखों का माल लेकर फरार हो गए।

## इंजीनियर के घर चोरी

करीब एक माह पहले द्वारकापुरी में इंजीनियर मुकेश रघुवंशी के घर चोरी की वारदात में चोरों ने कार और लोडिंग आटो का इस्तेमाल किया था। रघुवंशी पूरे परिवार के साथ बाहर गए थे। इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया और लाखों का माल लेकर फरार हो गए। इस मामले में फुटेज मिलने के बाद भी अभी तक चोर पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

## दाल मिल मालिक के घर भी कार से आए थे चोर

इसी सप्ताह तुकोगंज में दाल मिल मालिक रामअवतार जाजू के बंगले में घुसे चोरों ने गार्ड को बांधकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर यहां से एक किलो चांदी सहित लाखों का माल चुराकर ले गए। चोर जाजू के बंगले से डीवीआर भी चुराकर ले गए हैं। बताते हैं कि पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में चैक किए तो संदिग्ध कार भी नजर आई। पुलिस ने जांच करते हुए आरोपियों को धरदबोचा ।

# इंदौर में ड्रग्स बेची तो होगी सख्त कार्रवाई

## ● जमानतदार का नाम भी किया जाएगा सार्वजनिक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नशा, ड्रग्स को लेकर इंदौर में मचे घमासान पर अंततः प्रशासन ने बुधवार को बड़ा फैसला लिया। अब ड्रग सप्लाई करते हुए जो भी शख्स पकड़ाता है और उसकी कोई जमानत कराता है, तो उस जमानतदार का नाम सार्वजनिक किया जाएगा। जहां घर है, उसी चौराहे पर उसके नाम का पोस्टर लगाया जाएगा। इसमें जमानत से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक रूप से लिखी जाएगी। इसकी शुरूआत इंदौर से होगी। ऐसा करने का मकसद नशाखोरी को बढ़ावा देने वालों को हतोत्साहित करना है। ध्यान रहे कि पूरे प्रदेश में इंदौर में ही नाइट कल्चर लागू है। इसके बाद से नशाखोरी की शिकायतें बढ़ गई हैं। यह जानकारी गृह मंत्री और इंदौर के प्रभारी मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने जानकारी दी।**



बुधवार को मिश्रा इंदौर में थे। जिला योजना समिति की बैठक के बाद उन्होंने मीडिया से बात की। मिश्रा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस की बैठक में ये तय किया है कि ड्रग पेडलर की जमानत जो व्यक्ति देगा, उनका नाम बोर्ड पर लिखकर उसके मोहल्ले में टांगा जाएगा। पहला चरण इंदौर से प्रारंभ हो रहा है। दूसरे चरण में अन्य नाम भी जोड़े जाएंगे। बता दें कि शहर में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद ड्रग पेडलर्स के हौसले बुलंद हैं। जमानत पर छूटने के बाद फिर से वो युवाओं को नशा परोसने लगते हैं। ऐसे में अब ये कोशिश की जा रही है कि एक बार पकड़ाने के बाद ड्रग पेडलर आसानी से छूट नहीं सके और जमानत देकर जो लोग उनकी मदद करते हैं, उनके नाम भी सार्वजनिक किए जाएं ताकि समाज को पता चल सके। जमानत देने से पहले लोग सोचे। नाइट कल्चर में भी नशाखोरी जमकर देखने को मिलती है। इसके खिलाफ भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय आवाज भी उठा चुके हैं। नशा करने के बाद सड़क पर हंगामा करते हुए लड़कियों के कई वीडियो सामने आ चुके हैं।

# बिजली बिल संबंधी 4700 आवेदनों का निराकरण, 6 हजार नए कनेक्शन दिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली बिल से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए मई में शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। कंपनी ने इंदौर जिले में करीब 700 व मालवा निमाड़ में 4500 शिविरों का आयोजन किया। इसमें उपभोक्ताओं से प्राप्त बिजली बिल संबंधी4700 शिकायतों का निराकरण किया गया।**

कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि यदि किसी उपभोक्ता की बिजली से संबंधित कोई शिकायत है तो वे 1912 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही कंपनी द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जा रहे शिविरों के माध्यम से भी उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। मई में ही नए कनेक्शन संबंधित 6000 आवेदन भी निराकृत किए। प्रबंध निदेशक ने मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए वितरण केंद्र स्तर पर शिविरों का आयोजन लगातार जारी रखा जाए। कंपनी क्षेत्र में मीटर, केबल परिसर में ही अन्यत्र स्थापित करने के 112 आवेदनों का समाधान किया। कंपनी क्षेत्र में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान अवधि के दौरान 181 पर दर्ज शिकायतों के त्वरित समाधान की दैनिक समीक्षा की जा रही हैं।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

# प्रदेश में 7 साल की लड़कियां और 11.5 साल के लड़के धूम्रपान करते देखे गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में 34.2प्र वयस्क या तो धूम्रपान करते हैं और/या तम्बाकू का सेवन करते हैं , जो हमेशा से ही चिंता का एक बड़ा कारण रहा है। लेकिन मध्य प्रदेश में युवाओं के बीच धूम्रपान का बढ़ता चलन माता-पिता और नीति निमार्ताओं के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के नतीजे बताते हैं कि, 15 से 17 साल की उम्र के युवाओं के बीच तम्बाकू के उपयोग के मामलों में बढ़ोतरी हुई है, जो 12.3प्र से बढ़कर 13.1प्र तक पहुंच चुका है। हाल ही में किए गए इस सर्वेक्षण से यह बात सामने आई है कि, मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश में 7 साल की उम्र की लड़कियां और 11.5 साल की औसत उम्र के लड़के धूम्रपान करते देखे गए हैं। सर्वेक्षण के नतीजों से यह संकेत भी मिलता है कि मध्य प्रदेश के युवा औसतन 8.5 साल की उम्र में तम्बाकू के सेवन की शुरूआत करते हैं, जो राष्ट्रीय औसत 11.5 वर्ष से बस थोड़ा कम है। 2 शोध के नतीजों से पता चला है कि किशोरावस्था के दौरान तम्बाकू के सेवन की शुरूआत करने के बाद इससे दूर रह पाना कठिन होता है, और यह जिंदगी भर की लत में बदल सकता है।

लिहाजा, बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों के लिए शुरूआत में ही हस्तक्षेप करना बेहद जरूरी है। इंदौर के जाने-माने मनोचिकित्सक डॉ. रमन शर्मा, कंसल्टेंट साइकेट्रिस्ट, मेदांता हॉस्पिटल, कहते हैं, व्यक्तियों को धूम्रपान छोडऩे में मदद करने के बेहद कारगर तरीकों में से एक के तौर पर निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी को बड़े पैमाने पर स्वीकृति दी गई है और उपचार का यह तरीका प्रमाणों पर आधारित है।

## पल्स पोलियो अभियान 28 मई को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में आगामी 28 मई को पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इस दिन जिले के पांच लाख 20 हजार 372 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जिले में तीन हजार 531 टीकाकरण केंद्र बनाए जायेंगे। इन केंद्रों पर 8 हजार से अधिक कर्मचारी अधिकारी तैनात रहेंगे। जिले में अभियान की व्यापक तैयारियां जारी है। इन्हीं तैयारियों की समीक्षा के लिए यहां कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में बैठक रखी गयी। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा, श्री अभय बेड़ेकर, श्री राजेश राठौर, श्री आर.एस.मण्डलोई तथा श्रीमती सपना लोवंशी, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती वंदना शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने निर्देश दिए कि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। अभियान के अंतर्गत पांच वर्ष आयु तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहे। शत प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण हो। ऐसे बच्चे जो 28 मई को टीकाकरण केंद्र पर पोलियो निरोधक दवा पीने से वंचित है उन्हें 29 एवं 30 मई को घर-घर जाकर पोलियो निरोधक दवा पिलायी जाए। बैठक में पल्स पोलियो अभियान की आवश्यकता तथा उसकी महत्ता के संबंध में जानकारी दी गयी।

# रोजगार मेले में 650 युवाओं को मिली नौकरी

## ● 980 युवाओं को नौ करोड़ का दिया गया लोन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बुधवार को रोजगार दिवस मनाया गया। इस दौरान सांसद रोजगार तथा स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार से जोडऩे के लिए बेहतर प्रतिसाद मिला। मेले में हजारों युवा पहुंचे थे। यह मेला ढक्कन वाला कुआं स्थित ग्रामीण हाट बाजार परिसर में आयोजित किया गया था।**

मेले में सांसद शंकर लालवानी, कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, एसोसिएशन ऑफ इन्ड्स्ट्रीज मध्यप्रदेश के अध्यक्ष योगेश मेहता, लघु उद्योग भारती के शिवनारायण शर्मा, महाप्रबंधक उद्योग एस.एस. मण्डलोई विशेष रूप से मौजूद थे।

मेले को सांसद जॉब फेयर के रूप में आयोजित किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 53 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया। दो हजार से अधिक युवाओं ने अपना पंजीयन कराया। पंजीयन के बाद युवाओं का इंटरव्यू हुआ और कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 650 से अधिक युवाओं का चयन किया। कंपनियों द्वारा युवाओं को उनकी योग्यतानुसार पदों के लिए चयनित किया है। शाम तक कंपनियों द्वारा युवाओं के चयन का सिलसिला जारी था।

कई शासकीय योजनाओं के तहत युवाओं को लोन दिए गए 980 युवाओं को स्वरोजगार स्थापना के लिए लगभग नौ करोड़ रूपए का लोन दिया गया। यह लोन राज्य शासन की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, भगवान बिरसा मुण्डा तथा टंट्या मामा स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, आजीविका मिशन तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के तहत दिया गया।

साथ ही जिले में एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 248 औद्योगिक इकाईयों को 62 करोड़ रूपए से अधिक की आर्थिक मदद दी गई। इनमें सात इकाईयां महिला उद्यमियों द्वारा स्थापित है।यह राशि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगल क्लिक के माध्यम से उद्यमियों के खाते में अंतरित की है।

मेले में मौजूद सांसद लालवानी ने युवाओं से कहा कि राज्य शासन द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में नौकरी दिलाने के लिए रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। युवा आगे आकर इन योजनाओं का लाभ उठाएं और अपना स्वयं का उद्यम स्थापित करें। स्वयं तो रोजगार प्राप्त करें साथ ही दूसरों को भी रोजगार दें।

## होटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा अवसर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हॉस्पिटिलिटी का नि:शुल्क रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण ड़ेढ वर्ष का होगा। प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रशिक्षण के तुरंत बाद ही आकर्षक वेतन पर नौकरी दिलाई जायेगी। स्टेट इन्स्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट इंदौर के प्राचार्य श्री विजय कुमार सिंह ने बताया कि यह नौकरी मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की ईकाईयों में मिलेगी। युवाओं को 15 हजार रूपये प्रति माह की दर से तीन वर्ष तक रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण के लिये युवा मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा राऊ क्षेत्र में बायपास पर डीपीएस के पास संचालित राजकीय होटल प्रबंधन संस्थान में संपर्क कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9039503035/9406800131/9406800133 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को दो हजार रूपये प्रति माह की छात्रवृत्ति भी दी जायेगी।

# लायसेंस संबंधी काम में आ रही दिक्कतें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के एक कोने में बने नए आरटीओ में लायसेंस बनवाने जाने वाले आवेदकों की इन दिनों फजीहत हो रही है। दरअसल पिछले तीन दिनों से सर्वर डाउन या लाइट नहीं होने का हवाला देकर स्मार्ट चिप कंपनी के लोग आवेदकों को चलता कर देते हैं। मामले में आरटीओ के अफसर भी अवगत हैं लेकिन वह इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।**

परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए अधिकांश कामों को आनलाइन कर दिया गया है। इसमें लायसेंस संबंधी काम भी शामिल हैं लेकिन इसके बावजूद भी ना भ्रष्टाचार खत्म हुआ और नाही व्यवस्थाएं दुरूस्त हुई जिसका खामयजा यंहा लायसेंस बनवाने आनने वाले आवेदकों को भुगतना पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से नायता मुंडला स्थिति आरटीओ कार्यालय में लाइसेंस संबंधी काम ठप पड़े हुए हैं। हर दिन आवेदक इस आस में कई किलोमीटर का सफर तय कर पहुंचता है कि आज उसका काम हो जाएगा लेकिन यंहा आने पर पता चलता है कि सर्वर डाउन होने या लाइट नहीं होने से आज भी आपका काम नहीं हो पाएगा, ऐसे में घंटो इंतजार करने के बाद आवेदक उल्टे पैर लौट आते हैं। जि मेदारों पर इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है लेकिन मामले में वह पल्ला झाड़ते हुए एसी के बंद कमरों में बैठे रहते हैं और परेशान होता है आम आवेदक।

## सीएम हेल्पलाइन में की शिकायत

पिछले तीन दिन से लायसेंस का फोटो कराने के लिए चक्कर काट रहे कुछ आवेदकों ने परेशान होकर सीएम हेल्पलाइन में भी इसकी शिकायत कर दी है। आपको बता दें कि सीएम हेल्प लाइन में सबसे यादा लाइसेंस संबंधी शिकायतें ही हैं जिनका निराकरण अफसर नहीं कर पा रहे हैं।

## जल्द होगी व्यवस्था दुरुस्त

मामले में जब आरटीओ प्रदीप कुमार शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने भी माना कि सर्वर डाउन होने से दिक्कत आ रही थी जिसको लेकर उन्होंने ग्वालियर स्थित मु यालय में बैठे अफसरों को भी अवगत करा दिया है। जल्द ही व्यवस्थाएं दुरुस्त हो जाएंगी।

# मंदिरों पर बुलडोजरों के वार ने बढ़ाई मेयर और कलेक्टर के बीच रार, मेयर ने लिखी चिट्ठी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव और जनता की पसंद बनते जा रहे कलेक्टर टी इलैयाराजा के बीच के मंदिर तोड़े जाने की घटना ने दरार पैदा कर दी। कलेक्टर के निर्देश पर निगम के अमले ने बाले-बाले सूर्यदेव नगर में मंदिर तोड़ दिया, लेकिन कार्रवाई के बारे में न मेयर को पता था, न पार्षद को। यह बात मेयर को नागवार गुजरी और उन्होंने कलेक्टर इलैयाराज को चिट्ठी लिखकर अपनी नाराजगी जाहिर कर दी। मेयर ने लिखा कि उनकी जानकारी के बगैर मंदिर तोड़ने आपत्तिजनक है और ऐसा करना लोकतांत्रिक मूल्यों के भी खिलाफ है।

**यह लिखा मेयर चिट्ठी में-** कलेक्टर को लिखी गई मेयर की चिट्ठी में सूर्यदेव नगर में मंदिर तोड़ने की घटना पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि मंदिर तोड़ने की जानकारी मुझे समाचारपत्रों के माध्यम से पता चली। जब निगम के अफसरों से पूछा तो उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर मंदिर तोड़ा गया। इस कार्रवाई से रहवासी आक्रोशित हो गए और शहर में तनाव की स्थिति भी निर्मित हो सकती थी। आपके द्वारा मंदिर तोड़े जाने जैसे संवेदनशील मुद्दे पर मेरी जानकारी के बगैर सीधे निगम अफसरों को निर्देश देना अंत्यत आपत्तिजनक है। इस कार्रवाई से प्रशासन और नगर निगम की छवि धूमिल हुई है। भविष्य में इस तरह की कारवाई जनप्रतिनिधि के संज्ञान में लाए बगैर न करें।



मेयर ने कहा- अफसरों को बगैर पूछा कारवाई नहीं करने को कहा

मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि मंदिर तोड़ने के निर्देश कलेक्टर ने दिए थे। इस कारण निगम के अफसर दबाव में आ गए। भविष्य में उन्हें मेरी जानकारी के बगैर इस तरह की कारवाई नहीं करने को कहा गया है, इसके अलावा कलेक्टर को भी चिट्ठी लिखी गई है। कलेक्टर इलैया राजा से इस बारे में प्रतिक्रिया चाही गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

### पटेल नगर मामले में लेना पडा था यू टर्न

पटेल नगर में मंदिर ढहाने की घटना के बाद दूसरा मंदिर तोड़ने से निगम की किरकिरी हो गई है और कांग्रेस ने भी इस कार्रवाई को भुना लिया विधायक जीतू पटवारी सूर्यदेव नगर के रहवासियों को मंदिर बनाने के लिए ढाई लाख रुपये दे आए। क्षेत्रीय पार्षद अभिषेक शर्मा बबलू मंदिर तोड़े जाने पर धरने पर बैठे थे। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा भी की। पटेल नगर बावड़ी हादसे में देरी से सेना बुलाए जाने पर अफसरों की लापरवाही नजर आई थी। बाद में बावड़ी के साथ मंदिर भी तोड़ दिया गया था। इसका मामला गरमाने लगा तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पटेल नगर में फिर से मंदिर बनाने की घोषणा करना पड़ी थी।

### सड़क चौड़ाई में बाधक है कई धर्मस्थल

25 साल में शहर में बांण्ड सड़क, फीडर रोड और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में सड़कें चौड़ी हुई, लेकिन कई स्थानों पर धर्मस्थल नहीं हट पाए। बंगाली कॉलोनी रोड पर मस्जिद और दुकानें हटाए बगैर सड़क बनी। तिलक नगर से जैन मंदिर भी नहीं हटाया गया। बीआरटीएस पर खजरानी मस्जिद ने जमीन का हिस्सा सड़क के लिए नहीं दिया। इसके बाद दूसरे समाजों ने भी मंदिर नहीं हटाए थे।

कैलाश विजयवर्गीय जब मेयर थे तो बाण्ड प्रोजेक्ट में परदेशीपुरा से एमआईजी चौराहे तक सड़क बनी। तब चार मंदिर सड़क में बाधक थे। निगम ने एक भी मंदिर नहीं हटाया स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बियाबानी, खजूरी बाजार मार्ग से भी मंदिर नहीं हटे।भाजपा की निगम परिषद में इस साल दो मंदिरों को तोड़े जाने से हिन्दू संगठन और बजरंग दल नाराज है।

प्रशासनिक समन्वय बैठक में कृष्णमुरारी मोघे बोले

## फ्री होल्ड योजना बहुत अच्छी है परंतु कार्य की समय सीमा तय होना चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। "इंदौर विकास प्राधिकरण की फ्री होल्ड योजना बहुत अच्छी है परंतु कार्य की समय सीमा तय होना चाहिए व समय सीमा पर कार्य पूर्ण हो उसके लिए अधिकारी की जिम्मेदारी भी तय होना चाहिए। वर्तमान में यह देखने में आया है कि इस योजना के अंतर्गत लगने वाले डॉक्युमेंटेशन के लिए आम जनता को चक्कर लगाना पड़ते हैं व तय समय सीमा निर्धारित होने के बावजूद अधिकारी फाइलों को लंबे समय तक रोक कर रखते हैं।"

ये कहना है भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे का। रेसीडेंसी कोठी पर मंगलवार को हुई प्रशासनिक समन्वय बैठक में उन्होंने ये बात कही। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि यह योजना तब साकार होगी जब समय सीमा निर्धारित कर उस समय सीमा के अंतर्गत ही वह कार्य पूर्ण हो। उन्होंने आईडी अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा से कहा कि इस योजना से सरकार को बड़ा रेवेन्यू मिलता है। उसके बाद भी आम आदमी परेशान हो इसको लेकर ठोस योजना बनना चाहिए। समय सीमा के अंतर्गत संबंधित अधिकारी यदि कार्य को पूर्ण नहीं करता है, तो उसकी जवाबदेही तय करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही आवेदक की जानकारी के लिए योजना में लगने वाले जरूरी सारे कागज की सूची सूचना पटल पर उल्लेखित की जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा जनसुनवाई का आयोजन बहुत अच्छा है लेकिन उसके परिणाम भी नजर आने चाहिए,इसको लेकर विभागों में आपसी समन्वय बहुत जरूरी है, जिससे जनता को यह महसूस हो कि जनसुनवाई के दौरान जो समस्याएं बताई जाती हैं उसका हर स्तर पर निराकरण होता है। वर्तमान में यह देखने में आया है कि विभागों में आपसी समन्वय के अभाव में कई बार शिकायतकर्ता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर अधिकारियों की जवाबदेही तय होना चाहिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, कमिश्नर पवन शर्मा, पुलिस आयुक्त, महापौर, सांसद, विधायक आदि मौजूद थे। बैठक में मोघे ने कहा कि वर्तमान में व्यापारियों के विभिन्न मंचों द्वारा यह बात आई है कि जीएसटी अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से, तकनीकी त्रुटि या मानवीय भूल के कारण परेशान किया जा रहा है। किसी भी व्यापारी, उद्योगपति को परेशानी ना हो इसके लिए मोघे ने कमिश्नर पवन शर्मा से कहा कि जीएसटी प्रावधान के अंतर्गत जो गलत तरीके से फर्जी कार्य कर रहे हैं उन पर कार्रवाई जरूर होना चाहिए, लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना पड़ेगा कि अधिकारी मनमाने ढंग से ऐसा निर्णय न लें जिससे व्यापारियों में भय का माहौल बने एवं सरकार की छवि खराब हो। यदि कोई मानवीय भूल या टेक्निकल मिस्टेक है तो उसको अधिकारी दुरुस्त कराए ना कि दबाव बनाकर कार्रवाई करें। महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मोघे ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्रत्येक वार्ड में पीने के पानी एवं ड्रेनेज के पानी को लेकर शिकायतें ज्यादा होती हैं सो विधानसभा स्तर पर एक टास्क फोर्स टीम का गठन किया जाना चाहिए जो केवल इन्हीं शिकायतों पर फोकस से काम करे। मुझे लगता है कि समस्या के जल्दी निराकरण से काफी राहत मिलेगी।

## छह हजार करोड़ में बनेगा नया बायपास, डेढ़ सौ किलोमीटर से अधिक लंबाई में बनेगी सड़क

**इंदौर**। 25 साल पहले इंदौर में बने पूर्वी बायपास के बाद अब फिर बायपास की नई रिंग बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इसकी लंबाई सवा सौ किलोमीटर से ज्यादा होगी। नेशनल हाइवे अर्थारिटी आफ इंडिया (एनएचएआई)इस प्रोजेक्ट के बारे में प्रेजेंटेशन दिया। जिसे देख जनप्रतिनिधि सहमत नजर आए। नया बायपास शहर के चारों तरफ बनेगा और उसके निर्माण पर छह हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

अफसरों ने बायपास निर्माण के तीन विकल्प जनप्रतिनिधियों के सामने रखे है। पहला विकल्प 139 किलोमीटर का होगा,जबकि दूसरा 145 मीटर और तीसरा 161 किलोमीटर का होगा। पश्चिम बायपास पहले सीमेंटीकृत बनाया गया था, लेकिन नए बायपास का निर्माण डामर से होगा, क्योकि पूर्वी बायपास में आई दरारों के कारण बाद में उसे छह लेन करना पड़ा।

पश्चिम बायपास को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दो साल पहले ही सैद्धांतिक मंजूरी दे चुके है। अब एनएचएआई तीनों विकल्पों के साथ योजना परिवहन मंत्रालय को भेजेगी। अक्टूबर माह से पहले इंदौर को नए बायपास की सौगात मिल सकती है। रेसीडेंसी कोठी पर हुए इस प्रोजेक्ट को इंदौर के जनप्रतिनिधियों ने सहमति दी। पश्चिम बायपास को लेकर आईडीए पहले सर्वे करा चुका है और उसके आसपास स्कीम भी लाना चाहता है।

### इसलिए जरुरी है इंदौर में बायपास

- इंदौर से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग जुड़े है। इंदौर-अहमदाबाद, इंदौर- इच्छापुर-अकोला हाईवे और आगरा-मुबंई हाईवे नए बायपास से जुड़ेंगे।
- तीनों राजमार्गों से आने वाले यातायात का दबाव शहरी क्षेत्र पर नहीं पड़ेगा।
- बायपास बनने से शहर का विस्तार होगा। नए बायपास के आसपास बसाहट बढ़ेगी। भविष्य में देवास, महू, पीथमपुर इंदौर के उपनगर का हिस्सा होंगे।
- बायपास की नई रिंग में डेढ़ हजार से ज्यादा गांवों से होकर गुजरेगी।



# सीएम के कार्यक्रम में जा रही बस पलटी, तीन मौत

## 20 लोग घायल, 5 गंभीर, मिलने सीएम शिवराज अस्पताल पहुंचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया।** उमरिया में नेशनल हाईवे के ओवरब्रिज पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बस मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम में लोगों को ला रही थी। कार्यक्रम स्थल से 5 किमी पहले यह हादसा हो गया। 21 लोग घायल हुए हैं। एक गंभीर घायल को जबलपुर रेफर किया है। सीएम शिवराज ने उमरिया जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। इसके बाद कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो गए।

उमरिया जिले के भरौला में लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत हितग्राही कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शुभम ट्रैवल्स शहडोल की बस पाली बीरसिंहपुर (उमरिया) के भतौरा गांव से लोगों को लेकर कार्यक्रम स्थल जा रही थी। घाघरी ओवरब्रिज पर दो पहिया वाहन को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित हो गई। बस पलटते ही लोगों में चीख-पुकार मच गई। शहडोल संभाग आयुक्त राजीव शर्मा ने बताया कि 3 लोगों की मौत हुई है।

कांग्रेस के पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल में मुख्यमंत्री से मिलकर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा का कहना है कि हादसा आरटीओ की लापरवाही और कंडम बस की वजह से हुआ है।

### जाम लगा, पुलिस ने संभाली व्यवस्था

हादसे के बाद रोड पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। कलेक्टर कृष्ण देव त्रिपाठी के मुताबिक, घटना में 3 लोगों की मौत हुई है। 8 लोगों को उमरिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ लोगों



को जबलपुर रेफर किया गया है। एडीजीपी डीसी सागर, कमिश्नर राजीव शर्मा सहित कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक अस्पताल पहुंचे हैं। घायलों से हादसे की जानकारी ले रहे हैं।

### मृतकों के परिवार के एक सदस्य को नौकरी

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

ने उमरिया में लाड़ली सम्मेलन के मंच पर स्वागत नहीं कराया। उन्होंने बस हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया। परिवार के एक सदस्य को पात्रता अनुसार सरकारी नौकरी देने की बात कही। गंभीर घायलों को 50 हजार रुपए और मामूली घायलों को 10-10 हजार रुपए की मदद देने की बात कही।

### इनकी हुई मौत

शिवस पिता दयाराम विश्वकर्मा, निवासी ओबरा घनश्याम पिता शिवप्रसाद विश्वकर्मा, निवासी धौरई नीलेश पिता जगत धारी सिंह निवासी, बकेली

### ये हुए घायल

भगत (34) पिता जागेश्वर सिंह निवासी बलवई, कमलेश (28) पिता सोभे सिंह निवासी भौतरा, बाबू पिता (38) राजा राम सिंह निवासी बलवई, बलबीर (48) पिता परदेसिया निवासी टिकुरी, बलराम (60) पिता सरजू बैगा निवासी धुपखरा, देवराज (35) पिता दादू राम सिंह निवासी भौतरा, गीता (40) पति मोहन सिंह निवासी भौतरा, नीलेश (30) पिता जगतधारी सिंह बलवई, अगसीया (55) पति मनोहर सिंह निवासी बलवई, गिरजा (48) पति तीरथ सिंह निवासी बलवई, भागवती (38) पति देवकार सिंह निवासी भौतरा, ममता बाई (32) पति अर्जुन सिंह निवासी भौतरा, अनारकली (42) पति खिलाइय्या सिंह निवासी भौतरा, मालती (38) पति दीनदयाल सिंह निवासी भौतरा, शाहवती (28) पति भान सिंह, कलावती (30) पति कमलभान सिंह निवासी भौतरा, फुलमसिहा (45) पति पन्नेलाल सिंह निवासी भौतरा, पूनम सिंह (30) पति बुद्धू निवासी भौतरा, गुलबीया (40) पति जवाही सिंह निवासी भौतरा, अर्चना (40) पति देवीदीन सिंह निवासी बलवई, सिया बाई (48) पति रामदीन सिंह निवासी बलवई, राम बाई (38) पति चन्द्रबली निवासी बलवई, बिलसिया (55) पति दादू राम सिंह निवासी बलवई।

# दिग्विजय अपनी ही पार्टी के नेता पर भड़के

## मंच से उतरने को कहा, तो बहस करने लगा नेता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर।** कांग्रेस के सीनियर लीडर और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अपनी ही पार्टी के नेता पर भड़क गए। दरअसल उन्होंने नेता को मंच से उतरने को कहा था। जिस पर वह उनसे बहस करने लगा। दिग्विजय सिंह बुधवार को बुरहानपुर पहुंचे थे। जहां कांग्रेस के मंडलम और सेक्टर के कार्यकर्ता-पदाधिकारियों की बैठक में ये वाकया हुआ।

बैठक शहर की इंदिरा कॉलोनी स्थित ऑडिटोरियम में हुई। प्रोटोकाल के तहत वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष और महिला प्रमुख को मंच पर बैठाया गया था। लेकिन ग्रामीण कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष और पार्षद अबरार साहब भी मंच पर पहुंच गए। जिस पर दिग्विजय सिंह ने स्थानीय नेताओं से पूछा कि यह कौन हैं? यूथ कांग्रेस के हैं क्या। तब अबरार साहब ने कहा कि चले जाते हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा- आप यहां न बैठें सामने बैठें या चले जाएं। इस पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष यह कहते हुए निकले कि क्या आपको अल्पसंख्यकों की जरूरत नहीं है। इस पर दिग्विजय सिंह गुस्सा हो गए। उन्होंने कहा आप चले जाएं। ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है।

**ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने कहा- यह अल्पसंख्यकों का अपमान-** ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष अबरार साहब ने कहा कि यह अल्पसंख्यकों का अपमान है। मुझे मंच से उतार दिया गया। मैंने कहा अल्पसंख्यक होने पर अपमान कर रहे हो। वहीं बाद में दिग्विजय सिंह ने कहा कि वे गलत आरोप लगा रहे हैं।

**कांग्रेस ने ये सफाई दी-** कांग्रेस के मीडिया समन्वयक मयूर सांखला ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। बैठक का प्रोटोकॉल तय था। उसी को लेकर कहा गया था कि आप सामने बैठ जाएं, लेकिन वह बैठक से चले गए।

### मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में 16 हजार 416 बिजली शिकायतों का निराकरण

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम् एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में मुख्य मंत्री जन-सेवा अभियान में बिजली संबंधित 16 हजार 416 शिकायतों का निराकरण किया गया। इसमें भोपाल रीजन की 6724 और ग्वालियर रीजन की 9692 शिकायतें निराकृत हुई हैं। बिजली बिल, ऑनलाइन बिल जनरेट न होना, बिल पेमेंट न दिखना, गलत रीडिंग, नवीन विद्युत कनेक्शन संबंधी तथा अन्य शिकायतों का मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में 10 से 23 मई तक शिविर लगा कर निराकरण किया गया। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही बेहतर उपभोक्ता सेवाएँ प्रदान करना कंपनी की प्राथमिकता है।

# हिज्ब-उत-तहरीर के 10 सदस्यों को 2 जून तक जेल

## ● कड़ी सुरक्षा के बीच भोपाल की कोर्ट में पेशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** हिज्ब-उत-तहरीर के 10 सदस्यों को बुधवार को भोपाल की कोर्ट में पेश किया गया। 24 मई को इनकी रिमांड पूरी हो चुकी है। कोर्ट ने इन्हें 2 जून तक जेल भेज दिया। सभी को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट लाया गया था। जहां सभी को NIA की रघुवीर प्रसाद पटेल की कोर्ट में पेश किया गया।

भोपाल, छिंदवाड़ा और तेलंगाना से गिरफ्तार 16 सदस्यों को 19 मई को भी कोर्ट में पेश किया था। तब कोर्ट ने 6 को जेल भेज दिया था। बाकी 10 सदस्यों को 24 मई तक के लिए रिमांड पर सौंपा था। 19 मई को ATS ने HUT सदस्यों से पूछताछ की मांग करते हुए रिमांड मांगी थी। इसका बचाव पक्ष ने विरोध करते हुए कहा था, अभी तक ली गई रिमांड में ATS इनसे कुछ खास नहीं उगलवा पाई है। कोर्ट ने 10 सदस्यों की 24 मई तक रिमांड मंजूर कर ली थी।

24 मई को सभी 16 संदिग्धों को मिनी बस से पेशी के लिए कोर्ट लाया गया था। इस दौरान कोर्ट में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इंटेलिजेंस एजेंसियों के मेंबर भी मौजूद रहे। मीडिया को दूर ही रोक दिया गया। कोर्ट का रास्ता ब्लॉक किया गया था। आरोपियों के वकीलों के अलावा किसी को भी जाने की इजाजत नहीं दी। उनके परिवार के सदस्य भी मिलने आए, जिन्हें अलग रोका गया। पेशी के बाद ही उनकी मुलाकात कराई गई।

### रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लाने से नायब तहसीलदार व पुलिस को रोका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नर्मदापुरम। नर्मदापुरम जिले में माफिया और रेत चोरों के काफी हौंसले बुलंद है। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों पर ये माफिया काफी हावी होते है। जिसके कई बार मामले सामने आ चुके है। मंगलवार को भी एक ऐसा ही मामला सोहागपुर के भिलाडिय़ां गांव से सामने आया है। जहां चोरी की रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकडऩे गई राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम पर कुछ माफिया भारी पड़े। जिस कारण नायब तहसीलदार अंजु चौहान, पटवारी व पुलिस चौकी प्रभारी दीपक भोंडे की टीम को बिना ट्रैक्टर-ट्रॉली के खाली हाथ ही लौटना पड़ा। मौके पर ही टीम को पंचनामा बनाना पड़ा। नायब तहसीलदार के आवेदन पर सोहागपुर थाने में तीन लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, चोरी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। एसडीओपी मदनमोहन समर ने बताया कलेक्टर के निर्देश पर अवैध उत्खनन व परिवहन रोकने का कार्य जारी है। राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम रेत चोरी व अवैध उत्खनन पर कार्रवाई कर रही है। अवैध रेत परिवहन की सूचना पर नायब तहसीलदार अंजू राजपूत, चौकी प्रभारी दीपक भोंडे, पटवारी व पुलिस टीम ग्राम भिलाडिय़ां पहुंची। अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लाने की टीम कार्रवाई कर रही थी। उसी दौरान गांव के आरोपी हीरालाल गुर्जर, संतोष गुर्जर, कुंअर गुर्जर ने टीम से विवाद किया। टीम को ट्रैक्टर-ट्रॉली लाने से रोका। जिसके बाद मौके पर ही पंचनामा बनाया गया। थाने में हीरालाल गुर्जर, संतोष गुर्जर और कुंअर गुर्जर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। वीडियो में आरोपी कहते दिख रहे कि हमने कोई हत्या थोड़ी किया। जो हम पर कार्रवाई कर रहे।

# अनेचुरल सेक्स करता है पति, मना करने पर पीटा

## बोली 2 महीने से हर रोज करता है ज्यादती, डर के कारण चुप रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक नवविवाहित ने पति पर दहेज में कार व एसी नहीं लाने का ताना मारते हुए उसे प्रताड़ित कर उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि पति लगातार 2 महीने से उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य करता आ रहा है। जब उसने विरोध किया तो पति ने उसे बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पति की प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहित थाने पहुंची और पुलिस को शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी पति फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### 2 महीने से हर रात करता था गलत काम

शहर के पुरानी छावनी के पास की रहने वाली 24 वर्षीय नवविवाहित फरीदा (बदला हुआ नाम) की शादी 5 फरवरी 2022 को ग्वालियर के जनक गंज थाना क्षेत्र के गोल पहाडिय़ा स्थित ग्रह कॉलोनी सेक्टर नंबर 2 में रहने वाले शाहिद (बदला हुआ नाम) के साथ देव मैरिज गार्डन में हुई थी। पति ऑटो पाट्र्स का काम करता है। 5 फरवरी को जब वह जब पहली बार ससुराल पहुंची थी और सुहागरात वाले दिन उसके पति ने उसे दहेज में किसी और का नहीं लाने का ताना मारते हुए उसके साथ जबरन अप्राकृतिक कृत्य किया। इतना ही नहीं उसका पति हर रात उसके साथ गलत काम करता आ रहा था। विरोध करने पर वह उसे मारता पीटता था साथ ही उसकी सास-ससुर, ननद दहेज नहीं लाने पर लगातार ताना मारते हुए प्रताडि़त करते आ रहे थे। आए दिन की प्रताडऩा और शारीरिक शोषण से परेशान होकर नवविवाहित थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने नवविवाहित की शिकायत पर पति के खिलाफ दुष्कर्म और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### ● पति पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

नवविवाहित का आरोप है कि तब से लेकर 22 मई तक उसका पति हर रोज उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य करता चला आ रहा था। वह पति की धमकी से अब तक चुप रही, लेकिन जब पति की प्रताडऩा सहन नहीं हुई तो इसकी शिकायत पुलिस से की।

### ● आरोपी पति की तलाश में जुटी पुलिस

जनकगंज थाना प्रभारी आलोक परिहार ने बताया कि एक नवविवाहित की शिकायत पर पति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। ससुराल वालों पर भी नवविवाहित दहेज के लिए प्रताडि़त करने का आरोप लगाया है, जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पति को पकड़ लिया जाएगा।

MORARI BAPU




**स्वभाव - इसको बदलना बहोत मुश्किल है। कभी ना कभी बदलेगा तो, हरिनाम और संत संग बदलेगा। थोड़ा बहोत परिवर्तन आएगा।**
(Ram katha - Manas Vasant )

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष



### ● रास बिहारी बोस

**(जन्मः 25 मई, 1886 - मृत्युः 21 जनवरी, 1945)**
प्रख्यात वकील और शिक्षाविद थे। रास बिहारी बोस प्रख्यात क्रांतिकारी तो थे ही, सर्वप्रथम आज़ाद हिन्द फ़ौज के निर्माता भी थे। देश के जिन क्रांतिकारियों ने स्वतंत्रता-प्राप्ति तथा स्वतंत्र सरकार का संघटन करने के लिए प्रयत्न किया, उनमें श्री रासबिहारी बोस का नाम प्रमुख है। रास बिहारी बोस कांग्रेस के उदारवादी दल से सम्बद्ध थे। रास बिहारी बोस ने उग्रवादियों को घातक, जनोत्तेजक तथा अनुत्तरदायी आंदोलनकारी कहा। रासबिहारी बोस उन लोगों में से थे जो देश से बाहर जाकर विदेशी राष्ट्रों की सहायता से अंग्रेजों के विरुद्ध वातावरण तैयार कर भारत की मुक्ति का रास्ता निकालने की सोचते रहते थे।

## संपादकीय

### यह आग कब तक शांत होगी

जबसे मणिपुर में नई सरकार आई है, तबसे जनजातीय लोगों में यह आशंका घर करती गई है कि वह मैतेई समुदाय को प्रश्रय दे रही है। उनकी यह आशंका तब आक्रोश में बदल गई, जब इस साल फरवरी में संरक्षित पहाड़ी इलाकों से अवैध लोगों को निकालने का अभियान शुरू किया गया। सरकार का कहना था कि बाहरी लोग वहां जाकर बस गए हैं, जबकि जनजातीय समुदायों का दावा है कि वे उन्हीं के बीच के लोग हैं। उसके बाद जब उच्च न्यायालय का आदेश आया, तो उनका आक्रोश फट पड़ा और वे आगजनी पर उतर आए। मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। फिर से वहां सेना को तैनात करना पड़ा। पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद करनी पड़ीं। करीब एक पखवाड़ा पहले जब हिंसा भड़की थी, तब अनेक घरों में आग लगा दी गई, कई लोग मारे गए थे। तब करीब दस हजार लोगों को हिंसाग्रस्त इलाकों से बाहर निकालना पड़ा था। उस वक्त सरकार ने उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया था। उसके बाद करीब दस दिनों तक कोई उपद्रव नहीं हुआ, मगर सोमवार को एक बार फिर से इंफल इलाके में हिंसा भड़क उठी। बताया जा रहा है कि वहां मैतेई समुदाय के लोगों से जबरन दुकानें बंद कराई जाने लगीं, जिसे लेकर हिंसा भड़की। इस बार गनीमत है कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मगर कुछ घरों को इस बार भी आग के हवाले कर दिया गया। ऐसे में सवाल है कि मणिपुर की यह आग कब तक शांत होगी। विवाद दरअसल वहां के उच्च न्यायालय के इस आदेश पर शुरू हुआ कि उसने राज्य सरकार को मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की दस साल पुरानी मांग पर विचार करने को कहा। इससे वहां के मान्यता प्राप्त जनजातीय समुदायों में ऐसी आशंका पैदा हुई कि सरकार मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दे सकती है और वे उनके संरक्षित भूभाग पर कब्जा करना शुरू कर सकते हैं। मणिपुर में मुख्य रूप से तीन समुदाय के लोग रहते हैं। उनमें से नगा और कुकी मान्यता प्राप्त जनजातीय समुदाय हैं और उनका वहां के लगभग नब्बे फीसद संरक्षित पहाड़ी भूभाग पर कब्जा है। मैतेई समुदाय आबादी के लिहाज से इन दोनों जनजातियों से करीब दोगुना है, पर भूभाग का केवल दस फीसद हिस्सा उनके लिए मुक्त है। इस तरह वे मुख्य रूप से इंफल इलाके तक सीमित हैं। मगर मैतेई समुदाय हर दृष्टि से प्रभावशाली है। राजनीति में इसी समुदाय के विधायक अधिक हैं, साठ में से चालीस। फिर प्रशासन में भी उन्हीं का दबदबा है। वे बरसों से मांग करते रहे हैं कि उन्हें भी जनजातीय समुदाय का दर्जा मिलना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो मैतेई समुदाय को भी जनजातियों के संरक्षित भूभाग में प्रवेश का हक मिल सकता है। इसीलिए मान्यता प्राप्त जनजातियां आशंकित रहती हैं। इस तथ्य से वहां की सरकार अनजान नहीं है, मगर उसने कभी गंभीरता से इस मसले को निपटाने का प्रयास ही नहीं किया।

**Quote...**

"Truth is a debit Card pay first and enjoy later.
lie is a credit Card enjoy first and pay later."

## धर्म-कर्म

# गंगा दशहरा पर 3 शुभ योग
# ये एक उपाय दिलाएगा 10 हजार पापों से मुक्ति



हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का त्योहार मनाया जाता है. कहते हैं कि मां गंगा का अवतरण इसी दिन धरती पर हुआ था. गंगा दशहरा पर श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हैं और सुख-समृद्धि का वरदान पाते हैं. इस साल गंगा दशहरा 30 मई को मनाया जाएगा. संयोगवश इस दिन ज्येष्ठ माह का बड़ा मंगल भी है. इसके अलावा, गंगा दशहरा पर तीन अत्यंत शुभ योग भी बन रहे हैं.

### ● गंगा दशहरा 2023 मुहूर्त

ज्येष्ठ माह की दशमी तिथि 29 मई 2023 दिन सोमवार को सुबह 11 बजकर 49 मिनट से प्रारंभ होगी और इसका समापन 30 मई दिन मंगलवार को दोपहर 01 बजकर 07 मिनट पर होगा. उदया तिथि के चलते गंगा दशहरा का पर्व 30 मई को मनाया जाएगा.

### ● गंगा दशहरा पर 3 शुभ योग

इस साल गंगा दशहरा पर तीन बड़े ही शुभ योग पड़ रहे हैं. गंगा दशहरा पर रवि योग, सिद्धि योग और धन योग का संयोग बन रहा है. इस दिन सुखों के प्रदाता शुक्र भी कर्क राशि में गोचर करने वाले हैं. शुक्र के कर्क राशि में आने से ही धन योग का निर्माण होने वाला है. ऐसे में गंगा दशहरा के पर्व का महत्व और बढ़ गया है.

**रवि योग–** गंगा दशहरा पर रवि योग पूरे दिन रहने वाला है.

**सिद्धि योग–** 29 मई को रात 09 बजकर 01 मिनट से लेकर 30 मई को रात 08 बजकर 55 मिनट तक रहेगा.

**धन योग–** शुक्र के कर्क राशि में गोचर से धन योग का निर्माण होगा.

### ● 10 हजार पापों से मुक्ति

ऐसी मान्यताएं हैं कि गंगा दशहरा पर गंगा में आस्था की डुबकी लगाने से 10 हजार पापों से मुक्ति मिलती है. इसमें तीन प्रकार के पापों का नाश होता है. इसमें दैहिक, वाणी और मानसिक रूप से किए गए पाप धुल जाते हैं. गंगा में स्नान करते समय स्वयं श्री नारायण द्वारा बताए गए मन्त्र-''ॐ नमो गंगायै विश्वरूपिण्यै नारायण्यै नमो नमः'' का स्मरण करने से व्यक्ति को परम पुण्य की प्राप्ति होती है.

## Highlights

1. Brain implants help paralysed man walk again by just thinking about it
2. 1 dead & 2 critical as DTC bus hits multiple vehicles after brakes fail
3. NDA condemns 19 Opposition parties' new Parliament inauguration boycott, issues statement
4. Aurangzeb wasn't cruel, didn't destroy temple: Mosque committee
5. Parting ways with Imran: Ex-Pak minister Fawad as he quits PTI
6. Market value of LIC investments in Adani shares rise to 45,000 cr

# 5G network crosses 2 lakh sites mark with roll out in Uttarakhand's Gangotri




**NEW DEIHI, (Agency).** 5G network in India crossed 2 lakh mobile sites with the commissioning of the latest unit in Gangotri on Wednesday.

The 5G site at Gangotri was inaugurated by Union Minister for Communications and IT Ashwini Vaishnaw and Uttarakhand Chief Minister Pushkar Singh Dhami.

"Today practically every minute one 5G site is getting activated. The world is surprised. It is a matter of pride for us that 2 lakh site has been installed in Chardham," Vaishnaw said.

The Prime Minister has said that India will stand along with the world in 5G and take the lead in 6G, he noted.

Vaishnaw said that gone are the days when technology transfers used to be signed.

"Today India has become a technology exporter," Vaishnaw added.

The first 1 lakh 5G sites were rolled out within 5 months of the launch of service by the Prime Minister on October 1.

The next 1 lakh sites have been rolled out in three months.

"Today, devotees of Chardham have received a present in the form of a 5G site. Now, our border area will also get wrapped up with mobile connectivity. The dream that we saw of high-speed connectivity in the hilly area of Uttarakhand has been fulfilled today," Dhami said.

He said that the start of high-speed service will help in relief and disaster management, surveillance and boost the economy.

The ministers also dedicated optical fibre connectivity of Chardham -- Badrinath, Kedarnath, Yamnotri and Gangotri -- in Uttarakhand to the nation.

# Facebook owner Meta starts final round of layoffs

**NEW DEIHI, (Agency).** Meta Platforms Inc started carrying out the last batch of a three-part round of layoffs on Wednesday, according to a source familiar with the matter, as part of a plan announced in March to eliminate 10,000 roles.

Overall the cuts hit non-engineering roles most heavily, reinforcing the primacy of those who write the code at Meta. (AP)

Overall the cuts hit non-engineering roles most heavily, reinforcing the primacy of those who write the code at Meta. (AP)

Meta in March became the first Big Tech company to announce a second round of mass layoffs, after showing more than 11,000 employees the door in the fall. The cuts brought the company's headcount down to where it stood as of about mid-2021, following a hiring spree that doubled its workforce since 2020.




Some employees took to platforms such as LinkedIn on Wednesday to announce that they were laid off in a round that was expected to cut deeply into the ad sales, marketing and partnerships teams.

Meta Chief Executive Mark Zuckerberg in March said that the bulk of the layoffs in the company's second round would take place in three "moments" over several months, largely finishing in May. Some smaller rounds could continue after that, he said.

Overall the cuts hit non-engineering roles most heavily, reinforcing the primacy of those who write the code at Meta. Zuckerberg pledged in March to restructure business teams "substantially" and return to a "more optimal ratio of engineers to other roles."

New Delhi

# NCR का मॉल बन गया था 'सेक्सबाजार', अचानक पड़ गया छापा; पकड़ी गईं 61 लड़कियां और 39 लड़के



**गाजियाबाद, (एजेंसी)** गाजियाबाद के महाराजपुर बार्डर स्थित पैसेफिक मॉल में पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ स्पा सेंटरों पर एक साथ छापा मारा। मौके से 100 लोगों को पकड़ा है जिनमें 61 युवतियां और 39 युवक हैं। पुलिस का कहना है कि इन स्पा सेंटरों में अनैतिक कार्य होने की सूचना मिल रही थी। इस मामले में डीसीपी ट्रांस हिंडन ने चौकी प्रभारी महाराजपुर शिशुपाल को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने मोबाइल कब्जे में लिए हैं जिनका प्रयोग बुकिंग के लिए किया जा रहा था।

पुलिस के मुताबिक पैसेफिक मॉल स्थित एस2, रायल स्पा, स्वादिका, दा हैवन, राज थैरेपी, अरोमा थैरेपी, अरमान थैरेपी और रुद्रा सेंटर पर छापा मारा गया। जिन युवक और युवतियों को पकड़ा गया है उनमें पुलिस देर रात तक पूछताछ में जुटी हुई थी कि कौन सेंटर मालिक है और कौन-कौन कर्मचारी हैं। सेंटर कब से संचालित किए जा रहे थे पुलिस इसकी भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने इन सेंटरों से कंप्यूटर, मोबाइल, रजिस्टर भी बरामद किए हैं। विदेशी लड़कियों को यहां बुलाया जाता था पुलिस इस सूचना पर भी जानकारी जुटा रही है।

आरोपियों को पुलिस ने दो बस के जरिए लिंक रोड थाने तक पहुंचाया। पुलिस को मौके से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ है। पकड़े गए युवक और युवतियां पूरे एनसीआर के विभिन्न इलाकों के हैं।

Uttarpradesh

# भतीजे ने प्रेमिका संग चाचा को मारा

## लड़की ने दुपट्टे से मुंह दबाया, लड़का चाकू से करता रहा वार, Video भी बनाया



**कानपुर, (एजेंसी) कानपुर में बिधनू के दीनदयालपुरम में 13 मई की रात चाचा सुनील वर्मा की चाकू से गोदकर हत्या करके फरार अभियुक्त सत्या उर्फ कृष्णा को पुलिस ने उसकी प्रेमिका कीर्ति उर्फ नेहा उर्फ अनीशा के साथ असम के नौगांव से गिरफ्तार कर लिया। कृष्णा ने बताया है कि मां के साथ चाचा दुर्व्यवहार करते थे।**

प्रॉपर्टी भी उसके नाम नहीं कर रहे थे। पुलिस दोनों को असम से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर मंगलवार को शहर पहुंची। बुधवार को दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। कृष्णा ने बताया है किदीनदायालपुरम केडीए कॉलोनी में रहने वाले सुनील वर्मा (55) दादानगर स्थित प्लास्टिक फैक्टरी में काम करते थे। उनकी कोई औलाद नहीं थी। पत्नी विमला की कोरोना काल में मौत हो गई थी। 14 मई की सुबह उनका शव घर के अंदर पड़ा मिला था। पुलिस की जांच में पता चला था कि 13 मई की रात उनका बर्रा में रहने वाला भतीजा सत्या उर्फ कृष्णा (20) पुत्र स्व. अनिल अपनी असम, नौगांव निवासी प्रेमिका कीर्ति के साथ घर आया था।

देर रात दोनों हत्या को अंजाम देकर फरार हो गए। मृतक के छोटे भाई अरविंद ने कृष्णा और उसकी प्रेमिका के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पहले पुलिस को दोनों की लोकेशन दिल्ली में मिली। पुलिस दिल्ली पहुंची तो दोनों असम निकल गए थे। सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने उन्हें नौगांव से धरदबोचा।

Bihar

## ऑनलाइन नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर मालामाल हो रहे बदमाश, फर्जी कंपनियां बना ट्रांसफर किए 80 लाख

**पटना, (एजेंसी)** ऑनलाइन नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की वारदातें आम हो गई हैं। ठग सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर घर बैठे काम दिलाने के बहाने लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर रहे हैं और अपनी जेबें भर रहे हैं। बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की विशेष टीम ने लोगों को ऑनलाइन नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने वाले गिरोह के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। बुधवार को हाजीपुर से विनीत कुमार और सूरज कुमार, पटना के कदमकुआं से प्रकाश चंद्र सिंह, सुधांशु कुमार एवं मानस कुमार को गिरफ्तार किया गया। एक के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। इन पर धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र के अलावा आईटी एक्ट में मामले दर्ज किए गए हैं। ये शेल कंपनियां बनाकर उनमें ठगी के रुपये ट्रांसफर करते थे। सूबे में संभवत यह पहला मामला है जिसमें फर्जी कंपनियां बनाकर रुपये ट्रांसफर कराए गए हैं। इन शेल कंपनियों को बनाने के लिए सीए की पढ़ाई कर रहे मानस कुमार समेत एक अन्य की मदद लेते थे। आरोपियों के बैंक खातों में 80 लाख रुपये के लेनदेन के प्रमाण मिले हैं।

Jharkhand

## पहले दोनों आंखें फोड़ी, फिर पत्थर और कुल्हाड़ी से कर दी युवक की हत्या, घटना CCTV में कैद

**धनबाद, (एजेंसी)** झारखंड के धनबाद में एक युवक की दोनों आंखें फोड़कर, धारदार हथियार और पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी गई. पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. साथ ही पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी गई है. पुलिस का कहना है कि आपसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है. मामला पुटकी थाना क्षेत्र के श्रीनगर का है. यहां का रहने वाला सोनू कुमार राय बाजार से अपने घर जा रहा था. इस दौरान पुटकी सिनेमा हॉल के पास पहले से घात लगाए कुछ बदमाश बैठे थे. जैसे ही सोनू मौके पर पहुंचा, वैसे ही बदमाशों ने उस पर चाकू और पत्थर से हमला कर दिया.

खेल

# लखनऊ को लगातार दूसरे साल एलिमिनेटर में मिली हार

## 81 रन की जीत के साथ मुंबई दूसरे क्वालिफायर में

**चेन्नई।** आईपीएल 2023 के क्वालिफायर मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंस्ट को 81 रन से हरा दिया है। इसके साथ ही मुंबई की टीम दूसरे क्वालिफायर में पहुंच गई। यहां मुंबई का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 182 रन बनाए थे। इसके जवाब में लखनऊ की टीम 16.3 ओवर में सिर्फ 101 रन पर ही सिमट गई। इस मैच में मुंबई के लिए बल्ले से सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया। सबसे ज्यादा 41 रन ग्रीन ने बनाए। वहीं, लखनऊ के लिए नवीन उल हक ने चार और यश ठाकुर ने तीन विकेट लिए। दूसरी पारी में लखनऊ के लिए सबसे ज्यादा 40 रन मार्कस स्टोइनिस ने बनाए। मुंबई के आकाश मधवाल ने पांच विकेट लिए।




पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस अपने सातवें फाइनल से एक कदम दूर खड़ी है। मुंबई के लिए ग्रीन (41) और सूर्यकुमार (33) ने 66 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। वहीं, गेंद के साथ आकाश मधवाल ने कमाल किया। उन्होंने 3.3 ओवर में सिर्फ पांच रन देकर पांच विकेट चटकाए। यह आईपीएल-16 में गेंद के साथ अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। आकाश ने अनिल कुंबले के रिकॉर्ड की बराबरी की। कुंबले ने 2009 में 3.1 ओवर में 5 रन पर 5 विकेट लिए थे। मधवाल ने 3.3 ओवर यह उपलब्धि हासिल की।

### लखनऊकी शुरुआत रही खराब

183 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही आकाश मधवाल ने प्रेरक मांकड़ (3) को आउट किया। काइल मायर्स तीन चौके लगाकर 18 रन बना चुके थे, लेकिन उन्हें जॉर्डन ने चौथे ओवर में आउट कर दिया। स्टोइनिस ने रनों की गति बढ़ाई। उनकी वजह से पावरप्ले में लखनऊ ने दो विकेट पर 54 रन बनाए, लेकिन इसके बाद क्रुणाल (8) पीयूष चावला का शिकार बने। लखनऊ का काम खराब 10वें ओवर में आकाश मधवाल ने किया। उन्होंने आयुष बडोनी (1) और निकोलस पूरन (0) को दो लगातार गेंदों में आउट कर दिया। रही सही कसर 27 गेंद मे 40 रन बनाने वाले स्टोइनिस के रन आउट होने से पूरी हो गई। 12 ओवर में लखनऊ का स्कोर छह विकेट पर 90 रन हो गया। लखनऊ के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए।

सिनेमा

## अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा : द रूल' में रणवीर सिंह की एंट्री? कैरेक्टर डिटेल्स भी आईं सामने




स्टाइलिश स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पाः द राइज' की सक्सेस के बाद से ही दर्शकों में 'पुष्पाः द रूल' को लेकर तगड़ी एक्साइटमेंट है और फिल्म के बारे में फैन्स अधिक से अधिक जानना चाह रहे हैं। ऐसे में अब पुष्पा 2 को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है और कहा जा रहा है कि फिल्म में रणवीर सिंह की एंट्री हो गई है। रणवीर के किरदार की भी डिटेल्स सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुष्पा 2 में रणवीर सिंह की एंट्री हो गई है और फिल्म में वो पुलिस के रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुष्पा की मुलाकात एक पुलिसवाले से होगी, जो रणवीर रहेंगे और इसके बाद फिल्म में काफी बदलाव आएगा। फिल्म के प्लॉट में चेंज से लेकर ढेर सारा एक्शन और ट्विस्ट देखने को मिल सकता है। हालांकि पुख्ता तौर पर इस बारे में कुछ भी कहना मुश्किल है।

बता दें कि पुष्पा 2 का टीजर और एक पोस्टर कुछ वक्त पहले रिलीज किया गया था। इस पोस्टर और टीजर से फैन्स के बीच पुष्पा 2 को लेकर और भी ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ गया था। फिल्म के पहले पार्ट में अल्लू अर्जुन के साथ ही साथ रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल प्रमुख किरदारों में थे। फिल्म के हिंदी वर्जन ने करीब 100 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं दूसरे पार्ट को लेकर उम्मीद है कि ये बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर देगी।

# फेसबुक के दोस्त ने झांसा देकर किया दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। फेसबुक के दोस्त ने युवती को धोखा दे दिया। उसने पहले तो दोस्ती और उससे मिलने लगा। बाद में शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया और शादी करने से इनकार कर दिया।**

स्काईलाइन सर्विस रोड तेजाजी नगर निवासी 24 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2018 में धर्मेंद्र पिता शंकरलाल पांचाल निवासी उदयपुर राजस्थान से फेसबुक पर दोस्ती हुई। दोनों एक दूसरे से फेसबुक पर चैटिंग करने लगे और फिर इनके बीच प्यार हो गया। धर्मेंद्र पांचाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने शादी का दबाव डाला तो धर्मेंद्र ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और धमकी दी कि अगर घटना की जानकारी पुलिस को दी तो जान से मार दूंगा और शादी करने से मुकर गया। तेजाजी नगर पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र पांचाल के खिलाफ धारा 376 323 और 506 का प्रकरण दर्ज किया है।

### यहां भी लूटी अस्मत

इसी प्रकार मल्हारगंज थाना अंतर्गत कमला नेहरू कॉलोनी साहू के मकान में रहने वाली 21 वर्षीय युवती की रिपोर्ट पर आरोपी शुभम गौड़ निवासी लक्ष्मणपुरी कॉलोनी के खिलाफ 376 506 का प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और फिर शादी करने से मुकर गया। वही मानवता नगर में रहने वाली किशोरी की शिकायत पर दिलीप पिता रामचंद्र चौहान के खिलाफ धारा 354 का केस दर्ज किया है। किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह किराने का सामान लेने जा रही थी तभी रास्ते में आरोपी ने रोका और छेड़छाड़ करने लगा शोर मचाया तो मारपीट की और धमकी देकर फरार हो गया। वही छेड़छाड़ की एक घटना भवर कुआं थाना क्षेत्र में हुई।

ठगोरी लेडी पर एक और केस

# प्रॉडक्शन वारंट पर जेल से लाकर होगी पूछताछ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्रूड ऑयल और सोने में निवेश के नाम पर लोगों को ठगने वाली महिला पर एक और केस दर्ज किया है। बुधवार को किशनगंज पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की। इसी तरह की शिकायत पर जेल जा चुकी आरोपी महिला को पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड लेगी।**

किशनगंज पुलिस के मुताबिक जैनब खान निवासी इक्वा पॉइंट किशनगंज की शिकायत पर जीनत पति साजिद हुसैन के खिलाफ सोमवार को 35 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। जैनब खान ने अपनी शिकायत में बताया कि जीनत उसके घर के पास रहती थी। इसलिये वह उसे पहचानती थी।

जीनत ने उसे ओर परिवार के लोगों को बताया कि वह गोल्ड और क्रूड ऑयल में रुपए इन्वेस्ट करती है। उसने दावा किया कि वह तीन माह में वह रुपए डबल कर देगी। इस दौरान परिवार के लोगों से कैश इकट्?ठा करते हुए 35 लाख रुपये जीनत को सौंपे दिए।

11 लाख रुपये अकाउंट से और 24 लाख से अधिक का अमाउंट जीनत के बताए गए अकाउंट में जमा कराया। जीनत ने ये पैसा लेकर इसके बदले तीन माह में 70 लाख 40 हजार रुपये देने की बात तय हुई।

पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी जीनत ने अपनी मां नगमा, बहन हीना और जीजा जुबेर के अकाउंट में पैसा जमा करवाया। पीड़ित जैनब ने इस मामले में पुलिस को अकाउंट के रिकार्ड भी सौंपे। किशनगंज पुलिस के मुताबिक अब मामले में उसकी मां और रिश्तेदारों को भी आरोपी बनाया जाएगा। उन्होंने जीनत के कहने पर अवैध प्रॉफिट के बतौर रुपये अंकाउट में लिये थे। अमाउंट के बदले तीनों को कमीशन मिला था। बताया जाता रहा था कि जीनत के जेल जाने के बाद तीनों जैनब ओर उसके परिवार को झूठे केस में फंसाने के लिये धमका रहे थे।

### ● पति पहले से आरोपी

जीनत के पति साजिद हुसैन को राऊ पुलिस ने जांच के बाद आरोपी बनाया था। जीनत से पूछताछ में पता चला था कि उसका पति ने भी अकाउंट में रुपये लेता है। वह जीनत कहने पर लोगों से रुपये और चेक लेता था। फिलहाल वह भी जेल में है। अब किशनगंज पुलिस आरोपियों का रिमांड लेकर उनसे पूछताछ करेगी।

## युवती के फोटो वायरल करने की धमकी देकर मांगे लाखों रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक युवती को बदमाश ने धमकाया कि अगर 30 लाख रुपए नहीं दिए तो तेरे फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर दूंगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है । जानकारी के अनुसार अंबिकापुरी एक्सटेंशन में रहने वाली 30 वर्षीय युवती की रिपोर्ट पर महेश साधवानी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी महेश ने उसे धमकाया की मुझे 30 लाख रुपए दे नहीं तो तेरे सभी फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर दूंगा। पीड़िता के मुताबिक 17 मई को आरोपी महेश मेरे घर में घुस गया और माता-पिता के सामने गालियां देते हुए धमकी दी कि मेरे साथ शादी कर नहीं तो तेरे होने वाले पति को भोपाल में फोटो वायरल कर दूंगा। पीड़िता और उसके परिजनों ने विरोध किया तो आरोपी ने धमकाया की होने वाले पति और उनके परिजनों की गोली मारकर हत्या कर दूंगा।

### महिला को धमकाया

घर के सामने शराब पी रहे शराबियों का जब महिला ने वीडियो बनाया तो आरोपियों ने उसे धमकाया और उसके घर में घुसने की कोशिश की। शोर मचाने पर वे भाग गए। थाना तिलक नगर पुलिस के मुताबिक महिला को धमकाने की घटना स्कीम नंबर 140 में आइडीए मल्टी के पास हुई। यंहा रहने वाली रेणुका पति रोहन बेस (42) की रिपोर्ट पर आरोपी आनंद शर्मा,गोकुल वास्कल और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को आरोपी मेरे घर के सामने बैठकर शराब पी रहे थे मैंने शराब पीने से मना किया और कहा कि यंहा से चले जाओ। इस पर आरोपियों ने गालियां दी जब मैं मोबाइल व शराबियों का वीडियो बनाने लगी तो आनंद शर्मा मुझे धमकाकर बोला कि जा बना ले वीडियो कोई मेरा कुछ नहीं कर सकता इसके बाद तीनों आरोपियों ने मेरे घर के अंदर आने की कोशिश की। मेरे घर के मेन गेट पर ताला लगा था इसलिए भीतर नहीं आ सके। वे बोले कि तू बाहर निकल जान से खत्म कर देंगे जब शोर मचाया तो वे भाग गए। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## बिना परमिट के सवारी बैठाई आरटीओ ने जब्त की बस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न रूटों पर संचालित की जाने वाली बसों की जांच के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस समय लोक परिवहन के वाहनों की जांच कर उनके दस्तावेज चेक किए जा रहे हैं। साथ ही वाहन चालक और कंडक्टर के व्यवहार की जानकारी यात्रियों से ली जा रही है। इसमें बुधवार को परिवहन विभाग ने बिना परमिट के संचालित की जा रही बस को जब्त किया। बस में सवार सभी सवारियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर एवं सम्भागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों सहित अन्य वाहनों के लिए विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर 80 से अधिक वाहनों को चेक किया गया। वाहनों के परमिट, फिटनेस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, पीयूसी, मोटरयान कर प्रमाण आदि दस्तावेजों की जांच की गई। क्षमता से अधिक सवारी, तेज गति से वाहन चलाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन, वाहन चलाते समय चालक द्वारा मोबाइल पर बात करने, प्रेशर हॉर्न, आदि की जांच की गई। बस यात्रियों से वाहन की गति, ड्राइवर कंडेक्टर के व्यवहार, सही तरीके से वाहन चलाने आदि के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान इंदौर से भोपाल बिना परमिट की बस एमपी04 पीए 2946 को जब्त कर कार्यवाही की गई। यात्रियों को अन्य वाहनों के द्वारा गंतव्य स्थान पर रवाना किया गया। साथ ही अन्य वाहनों पर मोटरयान अधिनियम तथा कराधान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही में एक लाख 29 हजार रुपये राजस्व वसूल गया।

## तलवार से किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बेटमा में रहने वाले एक व्यक्ति पर उसके भाई और भतीजे ने तलवार से हमला कर दिया। आरोपियों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद में आरोपियों ने हमला कर दिया। ओमप्रकाश पिता रमेशचंद्र निवासी ग्राम रोलाय की शिकायत पर अनिल और उसके बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है उन्होंने पुलिस को बताया कि उसका भाई से जमीन के बटवारे को लेकर विवाद चल रहा है वह घर पर था इसी दौरान भाई और भतीजा आ गए। उसके घर में जबरदस्ती घुस गए और जमीन विवाद को लेकर गाली गलौज करने लगे उसने विरोध किया तो आरोपियों ने डंडे और तलवार से हमला कर दिया। जब कनकलता उसे बचाने के लिए आई तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर घायल कर दिया। आसपास के लोग वंहा पर पहुंचे और उन्होंने बीच बचाव किया और उसे अस्पताल ले आए पुलिस अब आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## दो पिस्टल के साथ धराया शातिर आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइमब्रांच ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आज़ाद नगर क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर रिजवान उर्फ रिज्जू खान नि. आजाद नगर को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 1 पिस्टल, 1 रिवाल्वर एवं 3 जिंदा कारतूस मिले जिसके संबंध में पूछते कोई उचित जवाब नही दिया। आरोपी के खिलाफ आजादनगर पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।